<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2717

11 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए

देश में कच्चे इस्पात का उत्पादन

2717. श्रीमती विजिला सत्यानंतः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि दिसम्बर, 2018 में देश का कच्चे इस्पात का उत्पादन 1.4 प्रतिशत गिरकर 8.936 मिलियन टन रह गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि देश का कच्चा लोहा (पिग आयरन) उत्पादन की दिसम्बर, 2017 के 0.561 एमटी से 5.5 प्रतिशत घटकर दिसम्बर, 2018 में 0.530 एमटी रह गया है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): जी नहीं। दिसंबर 2017 की तुलना में प्रतिशत बदलाव सहित दिसंबर, 2018 के दौरान क्रूड इस्पात के उत्पादन संबंधी आंकड़े नीचे दिए गए हैं और दिसंबर, 2017 की तुलना में दिसंबर, 2018 में 3.2% की वृद्धि दर्शाते हैं।

वर्ष	**क्रूड इस्पात उत्पादन**	
	मात्रा (एमटी)	**% बदलाव**
दिसंबर, 2018	9.356	3.2
दिसंबर, 2017	9.066	-
स्रोत: जेपीसी; एमटी = मिलियन टन;		

(ग) और (घ): जी नहीं। दिसंबर 2017 की तुलना में प्रतिशत बदलाव सहित दिसंबर, 2018 के दौरान पिग आयरन के उत्पादन संबंधी आंकड़े नीचे दिए गए हैं और दिसंबर, 2017 की तुलना में दिसंबर, 2018 में 1.6% की वृद्धि दर्शाते हैं।

वर्ष	**पिग आयरन उत्पादन**	
	मात्रा (एमटी)	**% बदलाव**
दिसंबर, 2018	0.569	1.6
दिसंबर, 2017	0.560	-
स्रोत: जेपीसी; एमटी = मिलियन टन;		

****